संख्या-239/2022/379रासनि/23-1-22/004-15आरएसएन/2022

प्रेषक,

राजेश प्रताप सिंह,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-1 लखनऊ::दिनांक 29 अगस्त, 2022

विषय- वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान सं0-58 लेखाशीर्षक-5054 के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से जनपद वाराणसी के 16 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु अवशेष धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-1078/CE-HQ-1/RSN 5054/VNS/2022-23, दिनांक 18-08-2022 एवं पत्र सं0-1141/CE-HQ-1/RSN 5054/VNS/2022-23, दिनांक 20-08-2022 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्न विवरणानुसार **जनपद वाराणसी के 16 मार्गों के स्वीकृत कार्यों हेतु अवशेष धनराशि के सापेक्ष कुल रू0 2,57,76,000/- (रूपये दो करोड़ सत्तावन लाख छिहत्तर हजार मात्र) की धनराशि** चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान सं0-58 के **लेखाशीर्षक-5054** के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से स्वीकृत/निर्गत किये जाने की निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्रम सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	मार्ग का नाम	शासनादेश संख्या	स्वीकृत / मूल लागत	अब तक शुद्ध आवंटित धनराशि	बचत	अवशेष धनराशि	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	प्रा.ख. वाराणसी	तिलमापुर शहरी मार्ग चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	36/2021/48 रासनि/23-1-21-68 रासनि/20	944.21	488.84	16.99	438.38	24.75
2	प्रा.ख. वाराणसी	पहाडिया बलुआ मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	36/2021/48 रासनि/23-1-21-68 रासनि/20	2485.77	590.37	143.61	1751.79	62.14
3	प्रा.ख. वाराणसी	धरसौना सिन्धौरा वाया चांदपुर मवैया मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य	36/2021/48 रासनि/23-1-21-68 रासनि/20	926.03	560.21	69.67	296.15	24.70
4	प्रा.ख. वाराणसी	गोसाई पठखोली डीहबाबा मन्दिर से लश्करपुर अनुसूचित बस्ती तक मार्ग का नव निर्माणकार्य।	57/2021/257 रासनि/23-1-21-96 रासनि/20	63.75	41.44	7.77	14.54	7.27
5	प्रा.ख. वाराणसी	सिगरा से महमूरगंज मार्ग (अजिमा /शहरी मार्ग)	61/2021/159 रासनि/23-1-21-100 रासनि/20	168.96	38.01	15.47	115.48	21.12
6	प्रा.ख. वाराणसी	श्रीनगर कालोनी के संपर्क मार्ग के किनारे दोनो तरफ पटरी पर सी0सी0 इन्टरलांकिग टाइल्स लगाने का कार्य।	195/2021/838 रासनि/23-1-21-83 रासनि/20	226.73	102.03	0.43	124.27	28.34
7	प्रा.ख. वाराणसी	वि0ख0 हरहुआ से सुल्तानपुर काजी सराय मार्ग पर इन्द्रवार के राजकुमार यादव के कटरा एवं विजय यादव के घर होते हुये ननिऔटी बार्डर तक मार्ग का निर्माण	315/2021/654 रासनि/23-1-21-68 रासनि/20 टी0सी0	45.87	4.59	8.89	32.39	14.50
8	प्रा.ख. वाराणसी	वि0ख0 हरहुआ में प्रतापपट्टी प्राथमिक पाठशाला से इदीलपुर अनुसूचित बस्ती एवं बहोरीपुर में	315/2021/654 रासनि/23-1-21-68 रासनि/20 टी0सी0	104.23	10.42	19.11	74.70	13.02

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

क्रम सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	मार्ग का नाम	शासनादेश संख्या	स्वीकृत / मूल लागत	अब तक शुद्ध आवंटित धनराशि	बचत	अवशेष धनराशि	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
		सुरेन्द्र पाण्डेय के घर से होते हुये चौरा माई मन्दिर तक मार्ग का निर्माण						
9	प्रा.ख. वाराणसी	गणपत नगर यादव बस्ती सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य	40/2021/1937 रासनि/23-1-21-68 रासनि/20 टीसी	27.93	2.79	5.28	19.86	7.50
10	प्रा.ख. वाराणसी	परशुरामपुर सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य	40/2021/1937 रासनि/23-1-21-68 रासनि/20 टीसी	39.05	3.91	5.99	29.15	10.00
11	प्रा.ख. वाराणसी	छत्रधारी नगर कालोनी, छोटा लालपुर वाराणसी मार्ग के नवनिर्माण कार्य	40/2021/1937 रासनि/23-1-21-68 रासनि/20 टीसी	11.09	1.11	0.09	9.89	6.00
12	नि.ख.-1 वाराणसी	फूलपुर सिन्धौरा मुख्य मार्ग पनवरिया से ग्राम सभा देवजी बलोई रतनपुर से विधायक रोड तक सम्पर्क मार्ग	100/2021/483 रासनि/23-1-21-60 रासनि/20	79.28	21.8	13.62	43.86	10.96
13	नि.ख.-1 वाराणसी	भानूपुर (गरथमा ओदार मार्ग) से कोर्रा पक्की सड़क तक पिच रोड तक सम्पर्क मार्ग	100/2021/483 रासनि/23-1-21-60 रासनि/20	36.95	24.95	1.09	10.91	5.45
14	नि.ख.-1 वाराणसी	खालिसपुर परसरा मार्ग के किमी0-3 से गजोखर हॉस्पिटल सम्पर्क मार्ग	100/2021/483 रासनि/23-1-21-60 रासनि/20	32.04	21.63	0.44	9.97	9.97
15	नि.ख.-1 वाराणसी	खरावन में मठ सम्पर्क मार्ग से चंगवार सम्पर्क मार्ग	100/2021/483 रासनि/23-1-21-60 रासनि/20	20.11	13.56	0.23	6.32	6.32
16	नि.ख.-1 वाराणसी	गड़खड़ा चरहुआ मार्ग के किमी0-1 से विश्वनाथ गड़ेरिया के घर से गोपी सिंह के घर तक सम्पर्क मार्ग	100/2021/483 रासनि/23-1-21-60 रासनि/20	35.81	24.7	5.39	5.72	5.72
							कुल योग-	**257.76**

(1) प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2023 तक कर लिया जाय। कार्य सम्पादन के अनुरूप उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को दिनांक 30 अप्रैल, 2023 तक उपलब्ध करा दिया जाय। यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि इन कार्यों के लिए किसी अन्य आदेश से स्वीकृति/आवंटन तो प्राप्त नहीं है और यदि दोहरी स्वीकृति पायी जाय तो उस स्वीकृति को निरस्त कराते हुए संबंधित कार्य पर आवंटित धनराशि शासन को तत्काल समर्पित की जाय ।

(2) लेबरसेस की एक प्रतिशत धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का नियमानुसार भुगतान किया जायेगा।

(3) प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय, वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों, स्थायी आदेशों आदि तथा राज्य सड़क निधि नियमावली में किये गये प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाय तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में न किया जाय ।

(4) राज्य सड़क निधि हेतु गठित राज्य सड़क प्रबंधन समिति द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं/प्रयोजनों के लिये ही स्वीकृत/आवंटित धनराशि का उपयोग किया जायेगा । यह सुनिश्चित किया जाय कि जिन प्रयोजनों हेतु राज्य सड़क निधि से धनराशि स्वीकृत हुई है वह उसी प्रयोजन हेतु व्यय की गयी है ।

(5) समस्त कार्य निर्धारित व अनुमोदित मानकों एवं विशिष्टियों के अनुरूप सम्पादित कराये जाये ताकि उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। यदि किसी अपरिहार्य परिस्थितिवश निर्धारित मानकों/विशिष्टियों में परिवर्तन किया जाना अपेक्षित हो तो, उक्त परिवर्तन/विचलन शासन की पूर्वानुमति से ही किया जाय ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(6) इस निधि से स्वीकृत कार्य की वित्तीय/भौतिक प्रगति का सक्षम स्तर पर सम्यक निरीक्षण/सत्यापन कर प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय ।

(7) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07 जून 2022 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय **रू0 2,57,76,000/- (रूपये दो करोड़ सत्तावन लाख छिहत्तर हजार मात्र)** को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-58 **लेखाशीर्षक 5054043375800** राज्य सड़क निधि से सड़कों का निर्माण/सुदृढ़ीकरण/चौड़ीकरण मानक मद 24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा ।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07 जून 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

राजेश प्रताप सिंह
उप सचिव।

संख्या-239/2022/379रासनि(1)/23-1-22/004-15आरएसएन/2022, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0मंत्री जी/मा0राज्य मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
3- जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, संबंधित जनपद।
4- मुख्य अभियंता(मुख्यालय-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
5- मुख्य अभियंता, संबंधित क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग।
6- संबंधित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
8- वेब मास्टर, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ ।
9- वेब अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
10- लोक निर्माण अनुभाग-10/वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0शासन।
11- नोडल अधिकारी (आनलाइन बजट एलॉटमेंट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
12- गार्ड फाइल

आज्ञा से,

राजेश प्रताप सिंह
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।